लोक शिक्षण संचालनालय
गौतम नगर, चेतक ब्रिज भोपाल

क्र. RMSA/2495 भोपाल दिनांक 7.09.2021

प्रति

1. संयुक्त संचालक
   लोक शिक्षण समस्त संभाग
2. जिला शिक्षा अधिकारी,
   समस्त जिले मध्यप्रदेश

**विषयः— राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे (नेशनल अचीवमेंट सर्वे )2021 के संचालन हेतु अभ्यास विषयक**

**जैसा कि आपको विदित ही है कि प्रति तीन वर्ष में भारत शासन द्वारा कक्षा 3,5,8 एवं 10 के लिए नेशनल अचीवमेंट सर्वे (राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे)** करवाया जाता है। इस वर्ष 12 नवंबर 2021 की दिनांक **नेशनल अचीवमेंट सर्वे (राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वे)** हेतु निर्धारित है। इस सर्वे का उद्देश्य प्रदेशों के शासकीय, शासकीय सहायता प्राप्त और अशासकीय विद्यालयों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के सीखने के उपलब्धि स्तर का आंकलन करना है। इसके आधार पर भविष्य में विद्यालयों और शिक्षकों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक नीतियाँ और कार्यक्रम तैयार करते हुए विद्यार्थियों के सीखने में सुधार लाने हेतु निम्नानुसार कार्यों हेतु नीति निर्धारित की जाती है।

1. विद्यार्थियों के सीखने के अधिगमों की प्राप्ति हेतु
2. विद्यार्थियों के लर्निंग गैप्स की पहचान करने हेतु
3. शिक्षकों के प्रोफेशनल डेवेलपमेंट हेतु
4. गुणवत्ता शिक्षा के लिए कार्यक्रम तैयार करने हेतु
5. कक्षा शिक्षण में सहायता करने हेतु

यह सर्वे हिंदी, अंग्रेजी, गणित, सामाजिक विज्ञान तथा विज्ञान विषयों में किया जाएगा। एन.सी.ई.आर. टी. द्वारा सभी विषयों के लिए लर्निंग आउटकम्स जारी किये गये हैं। इन्हीं लर्निंग आउटकम्स पर यह टेस्ट आधारित होंगे। इस संबंध में दिनांक 4.9.2021 को आयोजित वेबिनार में भी विस्तृत निर्देश दिए गए हैं।

**NAS परीक्षा 2021 की तैयारी की प्रैक्टिस हेतु रूपरेखा :**

NAS परीक्षा के आयोजन के पूर्व विद्यार्थियों को NAS परीक्षा के पैटर्न से अवगत कराने हेतु तीन प्रैक्टिस सेशन आयोजित कराए जाने हैं। इसका कार्यक्रम निम्नानुसार है :—

**प्रैक्टिस टेस्ट का विवरण :**

| **प्रैक्टिस टेस्ट** | **टेस्ट की तिथि** | **प्रत्येक विषय के प्रैक्टिस प्रश्नपत्र में प्रश्नों की संख्या** |
|---|---|---|
| प्रैक्टिस टेस्ट (प्रथम) | 11/09/2021 से 16/09/2021 | 60 |
| प्रैक्टिस टेस्ट (द्वितीय) | 06/10/2021 से 11/10/2021 | 70 |
| प्रैक्टिस टेस्ट (तृतीय) | 25/10/2021 से 30/10/2021 | 70 |

7/9

**प्रथम प्रैक्टिस टेस्ट कार्यक्रम :**

शासकीय हाईस्कूलों एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों में NAS हेतु प्रथम प्रैक्टिस पेपर विमर्श पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। इसे निम्नानुसार निर्धारित समय–सारणी के अनुरूप कराया जाना है–

| क्र. | दिनांक | कार्यविवरण |
|---|---|---|
| 2. | 08/09/2021 | प्राचार्य लॉगइन द्वारा प्रश्नपत्र एवं निर्देश की कॉपी विमर्श पोर्टल से निकालकर शिक्षकों को उपलब्ध कराएंगे। |
| 3. | 11/09/2021 | अंग्रेजी विषय का प्रैक्टिस प्रश्नपत्र विषय शिक्षक हल करते हुए विद्यार्थियों को समझाएंगे। |
| 4. | 13/09/2021 | हिंदी विषय का प्रैक्टिस प्रश्नपत्र विषय शिक्षक हल करते हुए विद्यार्थियों को समझाएंगे। |
| 5. | 14/09/2021 | विज्ञान विषय का प्रैक्टिस प्रश्नपत्र विषय शिक्षक हल करते हुए विद्यार्थियों को समझाएंगे। |
| 6. | 15/09/2021 | गणित विषय का प्रैक्टिस प्रश्नपत्र विषय शिक्षक हल करते हुए विद्यार्थियों को समझाएंगे। |
| 7. | 16/09/2021 | सामाजिक विज्ञान विषय का प्रैक्टिस प्रश्नपत्र विषय शिक्षक हल करते हुए विद्यार्थियों को समझाएंगे। |

- प्रथम टेस्ट में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इस संपूर्ण प्रश्नपत्र को सभी विषय शिक्षकों द्वारा एक एक प्रश्न को समझाते हुए विद्यार्थियों से उनकी कॉपी में हल कराया जाएगा। अर्थात प्रथम प्रैक्टिस टेस्ट पेपर सीधे विद्यार्थियों से हल नहीं कराया जाएगा, बल्कि विषय शिक्षक द्वारा कक्षा में सभी विद्यार्थियों को हल करते हुए समझाया जाएगा। इसमें एक पीरियड का समय समुचित न होने से शिक्षक द्वारा एक ही कक्षा में आवश्यकतानुसार 3 से 4 पीरियड अथवा संपूर्ण दिवस लेते हुए समझाया जाएगा । प्राचार्य यह सुनिश्चित करेंगें कि संबंधित विषय के प्रश्नपत्र हल कराने की कार्यवाही उसी दिवस पूर्ण करेंगें।
- प्राचार्य इन दिवसों में कक्षा 10 के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगें।
- जिन विद्यालयों में एक विषय के एक ही शिक्षक हों तथा एक से अधिक सेक्शन हो तो दो कक्षाओं में अलग अलग विषय के पेपर दिए जा सकते है। उक्त तालिका सुझावात्मक है विषय शिक्षकों की उपलब्धता के आधार पर 11 से 16 के मध्य कार्यवाही पूर्ण कराने का दायित्व संबंधित शाला प्रमुख का होगा।

**दूसरे और तीसरे प्रैक्टिस टेस्ट की समय–सारणी :**

| द्वितीय प्रैक्टिस टेस्ट दिनांक | तृतीय प्रैक्टिस टेस्ट दिनांक | विद्यार्थियों के प्रैक्टिस **प्रश्नपत्र** का विषय |
|---|---|---|
| 06/10/2021 | 25/10/2021 | अंग्रेजी |
| 07/10/2021 | 26/10/2021 | हिन्दी |
| 08/10/2021 | 27/10/2021 | विज्ञान |
| 09/10/2021 | 28/10/2021 | गणित |
| 11/10/2021 | 29/10/2021 | समाजिक विज्ञान |

- इस संबंध में विस्तृत निर्देश पृथक से जारी किए जाएंगें। इन प्रश्नपत्रों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप मुद्रित कराया जाएगा अतः इसके मुद्रण हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

- प्रथम प्रैक्टिस **प्रश्नपत्र** और उसके उत्तर (आन्सर की) विमर्श पर अपलोड किए गए है जो NAS 2017 के प्रश्नपत्रों पर आधारित है। ऐसी संभावना है कि NAS 2017 के प्रश्न पत्र से NAS 2021 के टेस्ट पेपर्स में प्रति विषय 07 प्रश्न दिए जा सकते हैं।
- अभ्यास **प्रश्नपत्र** में से प्रति विषय 02 प्रश्न डिजीलेप के माध्यम से भी प्रतिदिवस विद्यार्थियों को अभ्यास हेतु अलग से उपलब्ध कराए जाएंगे। विषय शिक्षकों से अपेक्षित है कि वे प्रतिदिन कक्षा में अध्यापन से पूर्व राज्य स्तर से दिए गए 2 प्रश्नों को सर्वप्रथम समझाएंगें एवं तदुपरांत ही पाठ्यक्रम का अध्यापन कार्य कराएंगें।

संयुक्त संचालक समस्त जिलों एवं शालाओं में उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(अनुभा श्रीवास्तव) 7/9
आयुक्त
लोक शिक्षण, भोपाल

पृ.क्र. RMSA/2496 भोपाल दिनांक 7-09-2021

1. निज सचिव, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा।
2. प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा / आदिम जाति म.प्र. शासन, मध्यप्रदेश।
3. संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र/आदिम जाति कल्याण विभाग।
4. आयुक्त जनसम्पर्क, मध्यप्रदेश।
5. सचिव, माध्यमिक शिक्षा मंडल, म.प्र. भोपाल।
6. जिला कलेक्टर,समस्त जिले मध्यप्रदेश
7. निदेशक, महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान, म.प्र. भोपाल।
8. सचिव, मदरसा बोर्ड, म.प्र. भोपाल।
9. समस्त संभागीय आयुक्त (राजस्व), मध्यप्रदेश।
10. आर्डर बुक।

आयुक्त 7/9
लोक शिक्षण, भोपाल